राज मत्स्य योजना पोर्टल का लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

21 अप्रैल, 2023 को राजस्थान के कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री लालचंद कटारिया ने पंत भवन में राज मत्स्य योजना पोर्टल का ऑनलाइन लोकार्पण किया। अब राज्य में मत्स्य विभाग से संबंधित योजनाओं के लिये आवेदन प्रक्रिया होगी पूर्णत: ऑनलाइन होगी।

प्रमुख बिंदु

- कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से राज्य के किसान घर बैठे विभागीय योजनाओं के लिये स्वयं के एसएसओ आईडी अथवा ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, साथ ही आवेदन की प्रगति के बारे में भी पोर्टल के माध्यम से जानकारी ले पाएंगे।
- आवेदन विभाग में प्राप्त होने से लेकर अनुदान स्वीकृति तक प्रत्येक चरण की सूचना किसान को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी।
- विभाग द्वारा संचालित निम्न योजनाओं का मिल सकेगा लाभ :
    - मछली पालन हेतु निजी ज़मीन पर तालाब का निर्माण,
    - मछली पालन पर प्रथम वर्ष में होने वाले उपादान पर खर्च,
    - खारे पानी में झींगा पालन हेतु तालाब का निर्माण,
    - मत्स्य बीज हैचरी की स्थापना,
    - मछली पकड़ने के शिल्प एवं साजो-सामान/नाव के क्रय हेतु,
    - रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, फिश फीड इकाई, केज कल्चर हेतु अनुदान योजना,
    - आईस प्लांट/कोल्डस्टोरेज की निर्माण एवं पुनरुद्धार हेतु योजना,
    - खुदरा मछली बाज़ार एवं संसाधनों के विकास हेतु योजना,
    - मोबाइल/खुदरा रंगीन मछली विक्रय केंद्र कियोस्क की स्थापना हेतु योजना,
    - प्रशीतित ट्रक तथा इंसुलेटेड ट्रक के क्रय हेतु योजना,
    - मोटर साईकिल आइस बॉक्स सहित क्रय हेतु,
    - साईकल आइस बॉक्स योजना,
    - सेविंग कम रिलीफ योजना,
    - मछुआरों का सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना,
    - प्रशिक्षण एवं कौशल विकास योजना।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-raj-matsya-yojana-portal